2 फरीदाबाद
लापरवाहीः कोरोनाकाल में खरीदी लाखों रुपये की लकड़ी में लग रही दीमक

6 अभिमत
जलवायु परिवर्तन से प्रभावित महिलाएं

9 देश-विदेश
प्रधानमंत्री मोदी ने इटली की अपनी समकक्ष मेलोनी से की वार्ता

11 फीचर
आदिवासी इतिहास का नया अध्याय

RNI NO. HARHIN/2018/7510

फरीदाबाद, शुक्रवार, 03 मार्च, 202

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



बुमराह सर्जरी के लिए जाएंगे न्यूजीलैंड

पेज - 12

# आउटरीच प्रोग्राम के तहत सड़क सुरक्षा रैली का हुआ आयोजन




**सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकालते हुए विद्यार्थी।**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ के आउटरीच प्रोग्राम के तहत प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में अंग्रेजी विभाग व यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के संयुक्त तत्वावधान में गोद लिए गांव चंदावली में 'सड़क सुरक्षा' जागरूकता रैली निकाली गई।

इस रैली में राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय चंदावली की छात्राएं व अग्रवाल कॉलेज के वॉलंटियर्स ने भाग लिया। रैली स्कूल से होते हुए बाजार तक निकली गई। रैली के उपरांत यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम कॉर्डिनेटर सुभाष कैलोरिया ने विद्यालय की छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में अवगत कराया गया व नियमों पालन करने की शपथ भी दिलाई। अग्रवाल कॉलेज समय समय पर इस तरह की गतिविधियों का आयोजन करता रहता है। इस अवसर पर मुख्याध्यापिका वीरबाला सहित विद्यालय के अन्य अध्यापक सदस्य भी मौजूद रहे।